भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 900
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला
उत्तर

संशोधित "उड़ान" योजना की विशेषताएं

900. श्री दिनेश चंद्र यादव:
श्री गिरिधारी यादवः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025-26 के बजट में क्रम संख्या 67 पर घोषित संशोधित "उड़ान" योजना आरंभ करने के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त संशोधित योजना की मुख्य विशेषताएं क्या है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत घोषित 120 नए गंतव्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): सरकार ने अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश भर के 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह योजना पर्वतीय, आकांक्षी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाईअड्डों का भी सहयोग करेगी।

यह योजना वर्तमान में अनुमोदन के चरण में है।

******